CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 25 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 9 जुलाई 2024



बैड न्यूज के नए गाने में...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट

**देहरादून।** मौसम वैज्ञानिकों ने हिदायत देते हुए कहा, तेज बारिश के दौरान संवेदनशील इलाकों में जाने से बचें। इसके अलावा आवश्यक न हो तो यात्रा करने से भी बचें। प्रदेश के अधिकतर जिलों में मंगलवार को कई दौर की तेज बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, चमोली और ऊधमसिंह नगर जिले में कहीं-कहीं तेज गर्जन के साथ कई दौर की भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में भारी वर्षा के कारण अब तक 387 सड़के बंद हैं जिनमें से 62 सड़कें खोल दी गई हैं। गढ़वाल मंडल के अंतर्गत सभी जनपदों में बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बड़ा है लेकिन फिलहाल कोई खतरे की बात नहीं है। जबकि कुमाऊं में सिंचाई खंड अल्मोड़ा के अंतर्गत विगत चार दिनों से भारी बारिश होने के कारण कोसी, पनार आदि नदियां, गधेरे उफान पर हैं।

### दूसरे दिन भी रामगढ़ के रास्ते हुए आवाजाही

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे दूसरे दिन भी बंद रहा। वाहनों का संचालन रामगढ़ के रास्ते होने से यात्रियों को अधिक किराया चुकाकर 23 किमी का अतिरिक्त फेरा लगाना पड़ा। हाईवे बंद होने से रोडवेज ने बसों के संचालन से हाथ पीछे खींचे। अल्मोड़ा डिपो की पांच बसों का संचालन ठप रहा। अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर दूसरे दिन सोमवार को भी आवाजाही ठप रही, इसकी सीधी मार यात्रियों को सहनी पड़ी। हाईवे बंद होने से रामगढ़ रूट से आवाजाही हुई। रोडवेज ने पांच सेवाओं का संचालन रोक दिया। मजबूरन यात्रियों को टैक्सी के भरोसे सफर करना पड़ा।

## बिना हाथों के नैनीताल के सचिंद्र बनाते हैं सुंदर पेंटिंग्स

उत्तरांचल दीप
अफजल फौजी, नैनीताल

उत्तराखंड के नैनीताल निवासी सचिंद्र बिष्ट की कहानी जितनी दर्दनाक है, उतनी ही प्रेरक भी. एक बार को इसे सुन कर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएं लेकिन उनके हौसले और जज्बे के आगे नत मस्तक हुए बगैर भी नहीं रहा जा सकता. बुखार के बाद अपने दोनों हाथ गंवा देने के बावजूद भी सचिंद्र ने हार नहीं मानी और कटे हाथों की कोहनी में ब्रश लगाकर पेंटिंग्स करना शुरू किया. उनकी बनाई पेंटिंग्स लोगों को भी बेहद पसंद आई. अब तक वो दर्जनों पेंटिंग्स बना चुके हैं. उनकी बनाई पेंटिंग्स की डिमांड विदेशों तक है। इसके अलावा उन्होंने अपने घर की दीवारों में भी बेहद सुंदर पेंटिंग्स बनाई है। पेशे से फिल्म मेकर, ग्राफिक डिजाइनर, वीडियो एडिटर और पर्वतारोही रहे सचिंद्र कुछ वर्ष पूर्व सब कुछ छोड़कर नैनीताल आ गए. और शहर के ही पास के कस्बे शीतला में लोगों को पर्वतारोहण के गुर सिखा रहे थे। सब कुछ अच्छा चल रहा था लेकिन एक दिन अचानक आए बुखार ने उनकी दुनिया ही बदल डाली, और उनको अपने दोनों हाथ गंवाने पड़े. दोनों हाथ कट जाने के बाद भी हार नहीं मानी और जिंदगी के इस दुखद मोड़ के बाद भी जीवन को एक नई दिशा दी. मार्च 2023 में जब वो निकटवर्ती शीतला में अपने रॉक क्लाइंबिंग स्कूल में पर्वतारोहण सीखा रहे थे. तब अचानक उन्हें तेज बुखार आ गया. उन्हें तत्काल हल्द्वानी ले जाया गया. जिसके बाद वो सेप्टिक शॉक में चले गए. उसके बाद उन्हें दिल्ली मैक्स हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बताया की उनके शरीर में बैक्टिरियल इन्फेक्शन हो गया है। जिस वजह से गैंग्रीन उनके शरीर में फैल चुका है। उनका जीवन बचाने के लिए उनके दोनों हाथ और पैरों की उंगलियों को काटना होगा। जिसके बाद उनके दोनों हाथों और पैर की उंगलियों को काटना पड़ा। दिल्ली से उपचार के बाद सचिंद्र हल्द्वानी आ गए और वहां दो माह तक उपचार करवाया। उन्होंने बताया की उपचार में करीब 35 लाख रुपए का खर्च आया. उनके रिश्तेदारों और दोस्तों ने उनकी उपचार में मदद की.



कब्जामुक्त कराई सरकारी जमीन

## आजम खां के हमसफर रिसोर्ट पर गरजी जेसीबी

रामपुर
एजेंसी

सपा नेता आजम खां के हमसफर रिसोर्ट पर प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर विधायक आकाश सक्सेना की शिकायत पर प्रशासन ने इसकी जांच करवाई। इसके बाद इसे खाली कराने की कार्रवाई की जा रही है।

सपा नेता आजम खां के हमसफर रिसोर्ट पर प्रशासन की टीम ने बुलडोजर के साथ पहुंचकर कब्जामुक्त कराने की कार्रवाई शुरू कर दी। शहर विधायक आकाश सक्सेना की शिकायत के बाद यह कदम उठाया गया।

जिला प्रशासन ने तहसीलदार सदर की कोर्ट में वाद दायर किया था। इसमें कहा गया था कि रिसोर्ट में खाद के गड्ढों की 0.038 हेक्टेयर जमीन है, जिसकी गाटा संख्या 164 है। कोर्ट के आदेश पर पैमाइश कराई गई। इसमें पुष्टि हुई कि यह जमीन खाद के गड्ढों की है। कोर्ट ने अवैध कब्जा हटाने और क्षतिपूर्ति वसूलने के आदेश दिए। आदेश के पालन में प्रशासन की टीम जेसीबी लेकर हमसफर रिसोर्ट पहुंची और कब्जामुक्त कराने की प्रक्रिया शुरू की। जेसीबी की मदद से अवैध निर्माणों और कब्जों को हटाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई ने इलाके में खलबली मच गई है। यहां बताते चले कि शहर विधायक आकाश सक्सेना की शिकायत पर यह मामला तेजी से आगे बढ़ा। कुछ दिन पहले उन्होंने कार्रवाई के लिए पत्र लिखकर रिमाइंडर भी भेजा था। इसके बाद बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है।



## अज्ञात वाहन से टकराई बस, पांच यात्रियों की मौत, दो की हालत नाजुक

अमेठी
एजेंसी

हादसा
- अमेठी में बड़ा हादसा, 11 अन्य घायल हो गए

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुए भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई व दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है।

अमेठी जिले के बाजारशुकुल थाने से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह दिल्ली से बिहार के सीवान जा रही प्राइवेट बस अज्ञात वाहन से टकरा गई। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई तो 11 अन्य घायल हो गए। घायलों में दो की हालत नाजुक है। जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। सूचना के बाद मौके पर एसपी समेत अन्य अफसरों ने घायलों के उपचार की जानकारी ली। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान कराने के साथ वैधानिक कार्रवाई में जुटी है। अमेठी के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार सुबह करीब दो बजे दिल्ली से सिवान जा रही प्राइवेट बस की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

एसपी अनूप सिंह मौके पहुंचे और घायलों के उपचार की जानकारी ली। सूचना के बाद सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह भी अस्पताल पहुंचकर मरीजों का बेहतर उपचार कराने में जुट गए। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मृतकों के पहचान करवाने में जुटी है।

सीओ अतुल सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान की कोशिश की जा रही है। क्षतिग्रस्त बस को क्रेन की मदद से हाईवे से हटवाकर यातायात को चालू करवा दिया गया है। हादसा करने वाली गाड़ी मौके से फरार हो गई है। जिसकी तलाश की जा रही है।

## सीएम धामी ने किया अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने को लेकर बोली बड़ी बात

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार सुबह हल्द्वानी पहुंचकर गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार सुबह हल्द्वानी पहुंचकर गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम धामी ने स्टेडियम के पास गौला नदी द्वारा किए गए कटान की स्थिति जानी। सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश में हो रही भारी बारिश के चलते बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए है। अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। सभी को कहा कि है कि आपदा राहत के काम को प्राथमिकता से ले। साथ ही अतिक्रमण वाले इलाकों से अतिक्रमण हटाने को कहा गया है।



## आतंकी हमले में उत्तराखंड के पांच जवानों का बलिदान

कठुआ/उत्तराखंड
ए./हमारे संवाददाता

आतंकी हमले में उत्तराखंड ने अपने पांच जवानों को खो दिया। खबर फैलते ही देवभूमि में शोक की लहर है।

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में उत्तराखंड के पांच जवानों ने अपना बलिदान दे दिया। इस खबर के बाद से देवभूमि शोक में डूब गई है। परिजन सदमे में है तो वहीं बलिदानियों के घर -गांव में मातम पसर गया है। कठुआ के बिलावर उपजिले में बदनोता के बरनूड़ इलाके में जेंडा नाले के पास सेना के एक वाहन पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। आतंकी हमले में पांच जवान बलिदान हो गए वहीं कुछ अन्य बुरी तरह से घायल हो गए। हाई अलर्ट और हमले के इनपुट के बीच जम्मू-कश्मीर में एक माह में सबसे बड़ा आतंकी हमला अंजाम दिया गया। हिजबुल मुजाहिदीन के दुर्दांत आतंकी बुरहान वानी की बरसी पर सुरक्षाबलों पर हमले के इनपुट सुरक्षा एजेंसियों को पिछले कुछ दिनों से लगातार मिल रहे थे। ऐसे में कठुआ जिले में भी हाई अलर्ट था। बाकायदा सभी एजेंसियों को एहतियात बरतने के निर्देश थे।

आतंकी हमले में कीर्तिनगर ब्लॉक के थाती डागर निवासी राइफलमैन आदर्श नेगी, रुद्रप्रयाग निवासी नायब सूबेदार आनंद सिंह, लैंसडौन निवासी हवलदार कमल सिंह, टिहरी गढ़वाल निवासी नायक विनोद सिंह, रिखणीखाल निवासी राइफलमैन अनुज नेगी बलिदान दिया। खबर के बाद उनके घर में मातम है। पूरे क्षेत्र में यह खबर आग की तरह फैल चुकी है। इससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। 26 वर्षीय आदर्श 2018 में सेना में भर्ती हुए थे। उनके पिता दलबीर सिंह नेगी गांव में ही खेतीबाड़ी का काम करते हैं। आदर्श की 12वीं तक की पढ़ाई राजकीय इंटर कालेज पिपलीधार से हुई। 2018 में वह गढ़वाल राइफल्स में भर्ती हो गए। आदर्श तीन भाई-बहन में सबसे छोटे थे। सोमवार देर रात उनके बलिदान होने की खबर परिजनों को मिली है।





# जलभराव की सूचना पर कमिश्नर व डीआईजी पहुंचे

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

बरसात ने खटीमा क्षेत्र में भारी जलभराव होने पर मंडलायुक्त दीपक रावत, डीआईजी योगेन्द्र सिंह रावत ने खटीमा पहुंच बाजार, नगला तराई गांव, मेलाघाट जमौट, प्रतापपुर आदि जलभराव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेस्क्यू व राहत कार्यों का जायजा लिया।

कमिश्नर ने कहा कि किसी को भी परेशानी नहीं होने दी जायेगी, लोग संयम व धैर्य से काम लें, सभी को प्रशासन द्वारा राहत पहुँचाई जायेगी। सोमवार को खटीमा पहुंचे कमिश्नर ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी डॉ मंजुनाथ टीसी, एसडीएम रवीन्द्र बिष्ट, एनडीआरएफ के दुबे से रेस्क्यु , राहत-बचाव कार्यों की पूर्ण जानकारी ली। डीएम ने बताया कि रात से क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण जलभराव हो गया था, सुबह से ही रेस्क्यु, राहत बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। रेस्क्यु , राहत बचाव कार्य जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के माध्यम से सुचारू है। जलभराव क्षेत्रों से लोगों को रेस्क्यु कर निकालने का कार्य सुबह से ही किया जा रहा है। अभी तक प्रशासन, पुलिस व एनडीआरएफ द्वारा क्षेत्र के लगभग 500 लोगों को रेस्क्यु कर निकाला गया है व उन्हें रिश्तेदारों के घर पहुँचाया गया है। उन्होंने बताया कि जो घर में रहकर ही पानी के कम होने का इंतजार कर रहे है उन्हें खाना-पानी दिया गया है। राजीव नगर अमाऊ, पकड़िया, प्रतापपुर व तराई नगला क्षेत्र में पानी भरा हुआ था, सभी जगह राहत बचाव कार्य किया गया।

उन्होंने बताया कि राहत बचाव एवं राहत शिविर की पूर्ण तैयारियाँ है। सभी जलभराव प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था कर दी गई है। एडीएम, एसडीएम वहीं कैम्प कर रहे है, सारी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी। कमिश्नर ने लोगों से अपील की है कि वर्षाकाल में सांपों के काटने के भय को लेकर चारपाई में व ऊचें स्थानों पर सोये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चिकित्सालयों में एन्टी स्नेक वैनम पर्याप्त मात्रा में रखने व जलजनित बीमारियों की दवाईयाँ भी पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिये। एडीएम अशोक जोशी, एसडीएम रवीन्द्र बिष्ट सहित जिला प्रशासन के अधिकारी व एनडीआरएफ/ एसडीआरएफ पुलिस आदि मौजूद थे।



**निरीक्षण**

- दोनों अधिकारियों ने डीएम और एसएसपी के साथ जलभराव क्षेत्रों का किया निरीक्षण
- जिला प्रशासन, पुलिस के साथ ही एनडीआरएफ व एसडीआरएफ ने जलभराव क्षेत्रों से लोगों को सकुशल निकाला

## रुद्रपुर में ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास 25 वर्षीय युवक का शव मिला

रुद्रपुर। चौकी रम्पुरा क्षेत्र में एक अज्ञात युवक का शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में भिजवा दिया। पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस के मुताबिक

सोमवार शाम को किच्छा रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास एक 25 युवक की लाश पड़ी हुई थी। यह देख वहां से गुजर रहे लोगों का जमावड़ा लग गया। इस पर किसी ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर रम्पुरा पुलिस चौकी से एसआइ नवीन जोशी पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया। मंगलवार को एसआई नवीन जोशी ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान थाना बिलासपुर क्षेत्र ईशा नगर निवासी बबलू पुत्र दर्शन सिंह के रूप में हुई । इसका पता चलते ही बबलू की मां और बहनोई रुद्रपुर पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। इस दौरान परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह घर नहीं आता था और रुद्रपुर में ही यहां वहां घूमते रहता था।



# पर्वतीय रूट की सड़कें बंद रोडवेज की छह बसें फंसीं

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के बाद तमाम रूट बंद पड़े हैं। इधर बारिश थमने के बाद अब ऐसी सड़कों को खोलने का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है।

उत्तराखंड परिवहन निगम के हल्द्वानी डिपो से मिली जानकारी के अनुसार पर्वतीय रूट पर भेजी गई रोडवेज की छह बसें वहीं फंस गई। सड़कों पर मलवा आदि गिर जाने से बसें लौट नहीं पाईं। डिपो के सहायक महाप्रबंधक सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पिथौरागढ़ व गंगोलीहाट में दो-दो बसें फंसी रह गई। सड़क खुलने पर ये आज मंगलवार को लौटेंगी। इसके अलावा चनौती व जंगलियागांव में भी मार्ग बंद होने के कारण दो बसें फंसी रह गई। इन्हें लौटने में अभी समय लगेगा। चूंकि वहां मार्ग अभी भी अवरुद्ध है। एआरएम ने बताया कि हल्द्वानी-कालाढूंगी-रामनगर मार्ग बंद होने के कारण देहरादून, हरिद्वार रूट की बसों को वाया रुद्रपुर से भेजा जा रहा है।

# केंद्रीय बजट में बदलाव लाने तथा राहत देने के वक्तव्य का स्वागत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मां नयना देवी व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने सूक्ष्म व लघु और मध्यम उद्यमों के द्वारा लागू 45 दिनों के भीतर भुगतान करने के वित्त वर्ष 2023-24 में लागू प्रावधान पर वित्त मंत्री और मंत्रालय द्वारा जुलाई में पेश होने वाले केंद्रीय बजट में बदलाव लाने तथा राहत देने के वक्तव्य का स्वागत किया है।

टंडन ने कहा कि व्यापार मंडल सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2023-2024 में लागू नियम जिसके तहत सूक्ष्म व लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को 45 दिनों के भीतर भुगतान करना होगा ऐसा न करने पर कंपनियों को देय राशि पर कर का भुगतान करना होगा। इस प्रावधान में बदलाव तथा राहत देने के बारे में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सितारमण तथा मंत्रालय द्वारा दिये गये वक्तव्य तथा आने वाले केंद्रीय बजट जो की आगामी 23 जुलाई को संसद में पेश होना है उसमें पुरानी प्रणाली पर या इंडस्ट्री स्टेकहोल्डर्स से जो बात कर यथा संभव राहत हो सकेगा किए जाने का स्वागत करता है। टंडन के मुताबिक व्यापार मंडल द्वारा बीते फरवरी में कई व्यापारियों सहित वार्ता में कड़ा विरोध तथा तुरंत ही बदलाव की बात कही थी।



उन्होंने कहा कि आने वाले केंद्रीय बजट में इस पर बदलाव हो जाएगा साथ ही एक पत्र भी इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को तुरंत ही माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल द्वारा भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि पहाड़ के संबंध में जहां की सीजनल व्यापार तथा पर्यटन से जुड़ा व्यवसाय ही होता है उस प्रवेश इस प्रावधान का बदला जाना अतिव्यशक हो जाता है इस बात का व्यापार मंडल द्वारा लिखे जाने वाले पत्र में भी विशेष उल्लेख किया जायेगा।

## NEWS / फटाफट

### बारिश के थमते ही भूस्खलन की घटनाएं बढ़ने लगी



नैनीताल। नगर में सोमवार को दोपहर बाद बारिश के थमते ही भूस्खलन की घटनाएं बढने लगी, वहीं देर शाम को राजभवन मार्ग पर डीएसबी परिसर के समीप पुतली कोठी के आगे भारी बोल्डर गिरने से किचन व डॉग हाउस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घरों में इसका कोई असर नही हुआ,अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय निवर्तमान अयारपाटा वार्ड के युवा सभासद मनोज साह जगाती की सूचना पर पहुंची प्रशासन की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। जगाती ने बताया कि पेड पहाड़ी से बडे बोल्डर गिर रहे है जिससे पुतली कोठी सहित सडक् के नीचे रॉक हाउस आवासीय क्षेत्र के लोगो पर भी खतरा मंडराने लगा है।

### खराब ट्रक के खड़े रहने से आवाजाही में दिक्कत

नैनीताल। नैनीताल- हल्द्वानी राजमार्ग में तीन मूर्ति के समीप इंडेन गैस का ट्रक खराब हो गया। जिसके चलते बड़े वाहनों को वहां से निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। जानकारी के मुताबिक हल्द्वानी से नैनीताल को आता इंडेन गैस का ट्रक नैनीताल से एक किलोमीटर पहले तीन मूर्ति के समीप बीच सडक् में खराब हो गया। ट्रक खराब होने से सडक् से बसों को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार दोपहर तक ट्रक सही नहीं हो पाने की वजह से कईबार यातायात प्रभावित रहा। जिसके बाद ट्रक चालक की ओर से हल्द्वानी से मैकेनिक बुलाकर ट्रक सही कराया गया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि सडक् से ट्रक हटा दिया गया है।

### भारी बारिश से मकान क्षतिग्रस्त की स्थिति में

धारी। धारी ब्लॉक के ग्राम सभा अघरिया मे एक मकान बारिश के चलते टूट गया। विगत कई दिनों से भारी बारिश से पर्वतीय क्षेत्र में जन जीवन अस्त व्यस्त हुआ है। भारी बारिश के कारण सोमवार को धारी ब्लॉक के अघरिया गाँव में आर्थिक रूप से कमजोर राकेश चंद्र पुत्र गोविंद राम के मकान के भारी नुकसान हुआ है। पूरा मकान ही क्षतिग्रस्त की स्थिति में है। कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने सरकार से मांग की कि अतिशीघ्र राकेश चन्द्र को उचित मुआवजा दिया जाय ।।



### प्रो.अतुल जोशी को कुल सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी

नैनीताल। कुमाऊं विवि के वाणिज्य/शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष व विवि के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.अतुल जोशी को उनके अनुभवों को देखते हुए विवि प्रशासन की ओर से सोमवार को कुल सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौपी है। सोमवार को कुमाऊं विवि के प्रभारी कुल सचिव राकेश कुमार विश्वकर्मा के हस्ताक्षरों से जारी कार्यालय आदेश में कहा गया है कि कुमाऊं विवि के हित में प्रो.अतुल जोशी को अग्रिम आदेशों तक अथवा नए कुल सचिव के विवि में कार्यभार ग्रहण करने तक कुल सचिव कुमाऊँ विवि के दायित्वों का निर्वह करेंगे। दूसरी ओर प्रो.अतुल जोशी ने भी इसकी पुष्टि की है,प्रो.जोशी के मुताबिक वह मंगलवार (आज) को अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### न्यू क्लब की वार्षिक बैठक का आयोजन



नैनीताल। सोमवार को न्यू क्लब की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व सांसद व हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ महेंद्र पाल को सर्वसम्मति से दुबारा अध्यक्ष व रितेश साह को सचिव पद की जिमेदारी सौपी गयी है। इस दौरान सचिव रितेश साह द्वारा क्लब को वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।वहीं अध्यक्ष ने पूर्व में सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों की जानकारी देते हुए भविष्य में नए आयाम स्थापित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जीएल साह, योगेश साह,राजीव लोचन साह,दिग्विजय साह,कुंदन बिष्ट आलोक चौधरी,पूरन बिष्ट शैलेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अल्मोड़ा में दो स्टेट हाईवे सहित 19 सड़कों पर आवाजाही ठप

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

जिले में बीते चार दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन पटरी से उतर गया है। बंद सड़कें सबसे अधिक दिक्कत बढ़ा रही हैं। जिले में बारिश के बाद मलबा और बोल्डर गिरने से दो स्टेट हाइवे सहित 19 सड़कें बंद हैं, इससे 220 से अधिक गांवों का संपर्क कट गया है। सड़कों पर वाहनों की आवाजाही थमने से गांवों में दैनिक जरूरत के सामान की आपूर्ति लड़खड़ा गई है। इससे 80 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित है।

सोमवार को जिले भर में भारी बारिश हुई। जगह-जगह मलबा और बोल्डर गिरने से दो स्टेट हाइवे और 17 ग्रामीण सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप है, इससे लोगों की दिक्कत बढ़ गई है। 220 से अधिक गांवों के ग्रामीणों का गांव से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इन गांवों में संचालित दुकानों में राशन, सब्जी सहित अन्य दैनिक जरूरत का सामान न पहुंचने से लोग खासे परेशान हैं। बीमारों और गर्भवतियों को अस्पताल पहुंचाना भी मुश्किल हो रहा है। पैदल आवाजाही कर बीमार अस्पताल पहुंचने के लिए मजबूर हैं। जिला आपदा प्रबंधन विभाग अधिकारी विनीत पाल ने कहा कि सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई हैं। जल्द सभी सड़कों पर आवाजाही शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



# अभिमत

## जांच नहीं कार्रवाई

*उच्च न्यायालय ने याचिका में पेश किये गये तथ्यों का अध्ययन करने के बाद ही सीबीआई से जवाब तलब किया है। प्रथमदृष्टया मामले में गड़बड़ी नजर आ रही है। कोरोना वायरस के प्रकोप के दौरान पूरी दुनिया में सभी गतिविधियां प्रभावित हुई थीं। उस भयावह स्थिति में प्रशिक्षण का सवाल ही नहीं उठता है। यदि उस दौरान कोशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण दर्शाया गया है तो जांच की जरूरत नहीं है, सीधे कार्रवाई होनी चाहिए। केन्द्र सरकार ने कोरोना महामारी प्रकोप से बचाने के लिए लॉकडाउन लागू किया।*

कोरोनाकाल में कौशल विकास योजना के तहत 70 करोड़ रुपये के घोटाले पर हाईकोर्ट ने सीबीआई से मौखिक तौर पर पूछा है कि क्या मामले की सीबीआई जांच कराई जा सकती है? जनहित याचिका में कहा गया है कि प्रदेश में केन्द्र सरकार की सहायतित कौशल विकास योजना में कोरोना महामारी के दौरान गड़बड़ी हुई। कोरोनाकाल में जब सभी गतिविधियों पर रोक लगी थी, तब प्रशिक्षण के नाम पर करीब 70 करोड़ रुपये हड़पे गये। इस मामले में सरकार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। याचिका में केन्द्र व उत्तराखंड सरकार तथा कौशल विकास निदेशक, सचिव एवं नोडल अधिकारी को पक्षकार बनाते हुए सीबीआई से जांच की मांग की गई है। उच्च न्यायालय ने याचिका में पेश किये गये तथ्यों का अध्ययन करने के बाद ही सीबीआई से जवाब तलब किया है। प्रथमदृष्टया मामले में गड़बड़ी नजर आ रही है। कोरोना वायरस के प्रकोप के दौरान पूरी दुनिया में सभी गतिविधियां प्रभावित हुई थीं। उस भयावह स्थिति में प्रशिक्षण का सवाल ही नहीं उठता है। यदि उस दौरान कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण दर्शाया गया है तो जांच की जरूरत नहीं है, सीधे कार्रवाई होनी चाहिए। केन्द्र सरकार ने कोरोना महामारी प्रकोप से बचाने के लिए लॉकडाउन लागू किया। लॉकडाउन में ढील देकर मुफ्त में अनाज वितरित कराया। वैक्सीन का आविष्कार होने पर निःशुल्क वैक्सीन लगवाई। उस दौरान प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षण संस्थाओं में भी कार्य बाधित रहा। सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुई। करोड़ों लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए। भारत में लाखों लोगों की कोरोना से मृत्यु हो गई। विश्वभर में हाहाकार मचा था। अमीर से गरीब तक को सिर्फ और सिर्फ अपनी जान बचाने की चिंता थी। मौत के तांडव के दौरान घोटालेबाज नहीं चूके और करोड़ों का घपला कर दिया। इस मामले को भ्रष्टाचार कहकर जांच से काम नहीं चलेगा। यह अमानवीयता की पराकाष्ठा है। मानवता को शर्मसार किया है। जीरो टालरेंस का दावा करने वाली सरकार को मामले का संज्ञान लेकर स्वयं कार्रवाई करनी चाहिए। सरकार की अनदेखी के कारण जनहित याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। उच्च न्यायालय में अगली सुनवाई से पहले सरकार आरोपियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करे कि भविष्य में कोई इस तरह का अमानवीय कृत्य करने का साहस न जुटा सके। इसे भ्रष्टाचार का मामला नहीं माना जा सकता है। इस मामले को भ्रष्टाचार की रकम के आधार पर भी नहीं देखा जाना चाहिए।

# मुक्तेश्वर में विश्व जूनोसिस दिवस मनाया

धारी

हमारे संवाददाता



आईवीआरआई मुक्तेश्वर में विश्व जूनोसिस दिवस मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार अतिरिक्त महानिदेशक (पशु स्वास्थ्य), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ. विक्रांत नेगी, सहायक अध्यापक, राजकीय मेडिकल कॉलेज, अल्मोड़ा एवं डॉ आयुष सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. यशपाल सिंह मलिक, संयुक्त निदेशक, आईविआरआई, मुक्तेश्वर ने की ।

इस समारोह में वैज्ञानिक, पशुचिकित्साधिकारी, छात्र-छात्राएं, कर्मचारी एवं विकास खण्ड रामगढ़ के दरमोली ग्राम के 35 किसानों समेत लगभग 75 लोगों ने सक्रिय सहभागिता की।

इस समारोह के उपलक्ष्य में केंद्रीय विद्यालय,मुक्तेश्वर के छात्रों के बीच रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ तथा संस्थान के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.अशोक कुमार द्वारा पशुओं से मनुष्यों एवं मनुष्यों से पशुओं में होने वाली बीमारियों की जानकारी दी ।

विशेष व्याख्यान में डॉक्टर आयुष सिंह नेगी एवं विक्रांत नेगी ने मुख्य जीवाणु एवं विषाणु जन्य रोगों पर जानकारी दी। समारोह में सम्मिलित किसान ने के लिए संस्थान द्वारा "मानव-वन्यजीव संघर्ष" विषय पर किसान संगोष्ठी एवं सामग्री वितरण का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर राजकीय पशुपालन विभाग, उत्तराखंड के पशु चिकित्साधिकारी डॉ.राहुल सती, डॉ.आयुष उनियाल, डॉ.हिमांशु पांगती, डॉ. चित्रा जोशी, डॉ. पंकज उपाध्याय, डॉ.लक्ष्मी उपाध्याय एवं डॉ रिजवाना, मुख्य समन्वयक वैज्ञानिक डॉ सिद्धार्थ गौतम, एवं सह-समन्वयक डॉ. अमोल गुरव, डॉ. दीपिका बिष्ट एवं डॉ.अमित कुमार मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मिलित किसानों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## बेस अस्पताल के माइक्रोबायोलॉजी लैब में घुसा मलबा और पानी

**अल्मोड़ा।** बारिश ने मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल प्रबंधन की भी दिक्कत बढ़ाई है। बारिश से सुरक्षा दीवार के गिरने का खतरा बढ़ा तो वार्ड को बंद कर यहां भर्ती मरीजों को शिफ्ट करना पड़ा है। वहीं, माइक्रोबायोलॉजी लैब में मलबा और बारिश का पानी घुसने से खासा नुकसान हुआ है। लैब में हर रोज कई तरह की जांचें होती हैं। इसके लिए सैंपल सुरक्षित रखे जाते हैं। यदि मलबा और पानी भीतरी कक्ष में पहुंचता तो सैंपल खराब हो जाते इससे जांच प्रभावित होती। लैब और अस्पताल प्रबंधन ने मौके पर पहुंचकर मलबा और बारिश के पानी को भीतरी कक्ष में पहुंचने से रोका। इधर, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सीपी भैंसोड़ा ने कहा कि लैब में मलबा और पानी घुस गया। सुरक्षा के इंतजाम कर लिए गए हैं। अब लैब सुरक्षित है। जांच प्रभावित नहीं हुई।

# बाढ़ में डूबा खटीमा, चारों ओर पानी, 1500 से अधिक लोगों को किया विस्थापित

खटीमा

हमारे संवाददाता



खटीमा में रविवार सुबह आठ बजे से सोमवार सुबह आठ बजे तक 278 मिलीमीटर बारिश हुई। बारिश से आई बाढ़ के कारण घरों में पानी घुस गया। इससे क्षेत्र की करीब ढाई लाख की आबादी परेशान रही।

खटीमा में रविवार सुबह आठ बजे से सोमवार सुबह आठ बजे तक 278 मिलीमीटर बारिश हुई। बारिश से आई बाढ़ के कारण घरों में पानी घुस गया। इससे क्षेत्र की करीब ढाई लाख की आबादी परेशान रही। अनहोनी के डर से लोग रातभर सो नहीं पाए। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस प्रशासन की टीम ने जलभराव में फंसे करीब 250 लोगों को रेस्क्यू किया। डीएम उदयराज सिंह ने भी शारदा नहर के आसपास और अन्य स्थानों पर जलभराव का निरीक्षण किया। रविवार शाम से शुरू बारिश का सिलसिला सोमवार दिनभर जारी रहा। इससे सीएम के गांव नगला तराई सहित अमाऊ, राजीवनगर, मेलाघाट मार्ग, खटीमा रेलवे स्टेशन मार्ग, हल्दी, नगला तराई, सुनपहर, चकरपुर, वन रावत बस्ती, पचौरिया , कंजाबाग, पकड़िया, झनकईया, झनकट, इस्लाम नगर आदि क्षेत्रों में बाढ़ का पानी चढ़ता गया। क्षेत्र की करीब 50 से अधिक कॉलोनियां भी बाढ़ से प्रभावित रहीं। घबराकर कई लोग मकानों की छत पर चढ़ गए। बारिश में कई लोगों का सामान बह गया।सितारगंज मार्ग पर बारिश सीएसडी कैंटीन के भवन की दीवार ढह गई। कई मकानों के बगल की सड़क पानी में बह गई। पचौरिया में रेलवे के अंडरग्राउंड पुल में भी पानी भर गया। लोगों की मदद के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों की टीमें ट्रैक्टरों से पहुंचती नजर आईं। लोहियाहेड के जंगलों के अलावा चौड़ापानी गांव के खेतों में भरा बरसाती पानी क्रीरा गज्जर के पास से शारदा नहर में जाता है। सोमवार सुबह करीब चार बजे कालापुल के बरसाती व सूखानाले के पानी के दबाव से घटूरिया देवता मंदिर से कुछ दूर आगे पल्लासेन गांव के पास शारदा नहर का बंधा अचानक टूट गया। इससे नालों का पानी व धान के रोपे गए पौधे बहकर शारदा नहर में समा गए। बंधा टूटने का पता चलने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने सिंचाई विभाग और लोहियाहेड पावर हाउस के अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

# फिल्मी दुनिया

## बैड न्यूज के नए गाने में विक्की-तृप्ति के बीच दिखेगी जबर्दस्त केमिस्ट्री



*बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की फिल्म बैड न्यूज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में दोनों सितारे पहली बार स्क्रीन साझा करते हुए नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। इसके अलावा फिल्म का पहला गाना तौबा तौबा दर्शकों के बीच खूब धूम मचा रहा है। सोशल मीडिया पर फिल्म का गाना खूब धमाल मचा रहा है। इसी बीच मेकर्स ने फिल्म के अगले गाने का टीजर जारी कर दिया है। तौबा तौबा की सफलता के बाद विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी अपने नए गाने जानम के साथ धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। गाने का पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। गाने के पहले पोस्टर में विक्की और तृप्ति की जबर्दस्त केमिस्ट्री की झलक देखने को मिल रही है। इसके साथ ही गाने की रिलीज डेट का भी खुलासा कर दिया गया है। बैड न्यूज का दूसरा गाना जानम 9 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। विक्की ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, जानम गाना 9 जुलाई को रिलीज होगा। फोटो में विक्की और त्रिप्ति बेहद ग्लैमरस और बोल्ड अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। दोनों पूल के अंदर रोमांटिक पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। पूल के चारों ओर कैंडल जलते हुए नजर आ रहे हैं।*

### रोमांटिक कॉमेडी फिल्म

*आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी बैड न्यूज एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म का निर्माण हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता, अमृतपाल सिंह बिंद्रा और आनंद तिवारी ने किया है। फिल्म में विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी देखने को मिलेगी। फिल्म के पहले गाने में मुख्य कलाकारों के बीच की केमिस्ट्री की झलक देखने को मिली। बैड न्यूज को इशिता मोइत्रा और तरुण डुडेजा ने लिखा है। इसे अमेजन प्राइम मीडिया द्वारा धर्मा प्रोडक्शंस और लियो मीडिया कलेक्टिव के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है।*

# चिकित्सक ने लगाया मारपीट करने का आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



एक चिकित्सक ने कुछ युवकों पर मारपीट करने व उसके अपहरण का प्रयास करने का आरोप लगाया है इस मामले को लेकर पीड़ित डाक्टर ने एसएसपी को शिकायत की है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। डा. पुनीत कुमार गोयल पुत्र श्री हरि प्रकाश गोयल पता हिल्स व्यू एन्क्लेव, लोहरियासाल मल्ला, हल्द्वानी ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि अपने चिकित्सालय में 5 जुलाई की दोपहर को मरीज देख रहा था तभी विशाल सैनी नामक अपने कुछ साथियों के ओपीडी में पहुंच गया और गाली गलौज करने लगा। जब वह कुछ समझ पाते उन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उन लोगों ने उसकी केबिन की दराज में रखी 40 हजार रूपए की नगदी भी निकाल ली। डाक्टर का आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। आरोप है कि करीब आधे घंटे के बाद उक्त फिर अस्पताल में आ धमके और फिर से मारपीट कर दी। अस्पताल में मारपीट होती देख इलाज कराने के लिए आए मरीज भी भाग खड़े हुए। डाक्टर का कहना है कि वह लोग उसे मारते हुए सड़क तक ले आए और अपहरण करने का प्रयास करने लगे। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई तो आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने जान माल का खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

News कॉर्नर

## युवक से ऑन लाईन ड्रीम 11 टीम बनाने के लालच में 4.45 लाख की ठगी

**रुद्रपुर।** अज्ञात व्यक्ति ने एक युवक से ऑन लाईन ड्रीम 11 टीम बनाने का लालच देकर उससे 4-45 लाख रूपये ठग लेने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक के पिता ने इस मामले में पुलिस को कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुंकदमा दर्ज कर लिया। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र जेपी नगर 2 फुलसुंगा निवासी जयपाल यादव पुत्र श्रीराम यादव ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी सुमित्र देवी के मोबाईल में बैंक खाता रजिस्टर्ड है। पत्नी का मोबाईल लडका उज्जवल भी चलाता है। जिसके झाँसे में आकर बेटे ने 6 जून को मेम्बरशिप के नाम पर 999 रूपये का पेटीएम के माध्यम क्यूआर कोड पर भुगतान किया गया। इसी तरह 6 जून से दिनांक 13 जून तक विभिन्न चार्जेज व फीस के नाम पर विभिन्न यूपीआई व क्यूआर कोड, गूगल पे, मोबाईल नम्बर पर अलग-अलग 32 ट्राजेक्शनो के माध्यम से कुल 4,44,999 रूपये की आनलाईन धोखाधडी की गई। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सस्ता गल्ला विक्रेताओं में बिलों का भुगतान न होने से आक्रोश

**अल्मोड़ा।** पर्वतीय सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति की बैठक नंदा देवी परिसर में हुई। सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने लंबित बिलों का भुगतान न होने पर आक्रोश जताया। जल्द भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। शनिवार को सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने बैठक कर कहा कि कोरोना के दौरान उन्होंने घर-घर तक राशन पहुंचाया लेकिन उनकी समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। नए नियमों का बोझ उन पर डाला जा रहा है।

# कांग्रेस पदाधिकारियों की संगठन की मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



कांग्रेस भवन स्वराज आश्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के अध्यक्ष, पूर्व काबीना मंत्री नवप्रभात ने समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया और कांग्रेस पदाधिकारियों संग संगठन की मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की।

हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने फूल माला संग अनुशासन समिति अध्यक्ष श्री नवप्रभात का हल्द्वानी आगमन पर स्वागत किया। कांग्रेस अनुशासन समिति अध्यक्ष नवप्रभात ने कहा कि जननायक, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस मजबूती के साथ आम जनमानस की आवाज बन कर उभरी है। भविष्य में भी कांग्रेस जनता की आवाज़ को मजबूती देगी। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस ने मजबूती और एकता संग चुनाव लड़ा, परिणाम चाहे अनुकूल नही रहे लेकिन भविष्य में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। जिलाध्यक्ष नैनिताल राहुल छिमवाल और हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में इस समय अभूतपूर्व जोश और ऊर्जा है बस जरूरत है इस जोश और ऊर्जा को सही दिशा देने की। जननायक राहुल गांधी जी के नेतृत्व में उत्तराखंड कांग्रेस सही दिशा देने का कार्य करेगी। समीक्षा बैठक में हरीश मेहता, हेमंत बगड़वाल,भोला दत्त भट्ट, शोभा बिष्ट, दीपक बलुटिया, ललित जोशी, एन.बी.गुणवंत, सुहैल सिद्दीक़ी, जया कर्नाटक, भगीरथी बिष्ट, भगवती जोशी, गोविंद बगड़वाल, मलय बिष्ट , योगेश जोशी, हिमांशु जोशी, हेम पाण्डे, , जाकिर हुसैन, विनोद कुमार पिंनु, संदीप भैसोड़ा, कन्नू परगाई, उमेश कबड़वाल, हेमवती नंदन दुर्गापाल, संजय किरौला, डॉ केदार पलड़िया, दयाकिशन बमेठा, हरीश बिष्ट, महेश कांडपाल, अर्णव कंबोज, प्रताप बर्गली, संजू उप्रेती, बबलू बिष्ट आदि कांग्रेसजनों ने अपने विचार व्यक्त किये।

# हल्द्वानी बसअड्डे में महिला कर्मचारी को डंडा मार जख्मी किया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



रोडवेज बसअड्डा अराजक तत्वों का अड्डा बन कर रह गया है। आलम यह है कि यहां अब परिवहन निगम के कर्मचारी तक सुरक्षित नहीं। हल्द्वानी डिपो की महिला कर्मचारी को डंडा मारकर जख्मी कर दिया गया। इधर अब डिपो प्रबंधन अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई का मन बना रहा है।

डिपो सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बसअड्डे में चोरों, नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। विशेषकर रात के समय यह यात्रियों व रोडवेज कर्मियों के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है। पुलिस प्रशासन के भी बसअड्डे को अनदेखा किये जाने से ऐसे अराजक तत्वों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। बताया गया कि बीते सोमवार की शाम बसअड्डा परिसर में अभद्रता कर रही एक महिला का जब रोडवेज की महिला कर्मचारी ने विरोध किया तो उसने डंडे से हमला कर दिया। हमले में महिला कर्मचारी के हाथ में चोट लगी है और दो टांके लगे हैं।

इधर हल्द्वानी डिपो एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि एक महिला बीती शाम बसअड्डे में गालीगलौज कर रही थी, जब महिला कर्मी ने इसका विरोध किया तो महिला ने उस पर ही हमला कर दिया। हमलावर महिला मानसिक रूप से कमजोर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि बसअड्डे में अराजकता ज्यादा बढ़ रही है। नशेड़ी यहां जब-तब देखे जा सकते हैं।

पूर्व में पुलिस प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराया गया लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। एआरएम के अनुसार इस मामले से अब प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करा बसअड्डे में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की जाएगी।

# जिले के प्रभारी मंत्री गणेश ने रुद्रपुर आपदा कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**जानकारी ली**

● केबिनेट मंत्री ने आपदा की यथा स्थिति की ली जानकारी लेने के बाद अधिकारियों को दिए निर्देश

जनपद प्रभारी व केबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने ऊधमसिंह नगर मुख्यालय पहुंच जिला आपदा कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर जनपद में बारिश के चलते हुए प्रभावित क्षेत्र का विस्तार से जानकारी ली।

प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को प्रभावितों को तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि सितारागंज के अरविंद नगर से एसडीआरफ द्वारा 360 लोगों को प्रभावित क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया है। खटीमा पूर्णागिरी से 250, देवीपुरा से 66, खटीमा चकरपुर से 250, खटीम टुकड़ी बीचवा से 65 लोगों को प्रभावित क्षेत्र से एसडीआरएफ तथा जल पुलिस के माध्यम से रेस्क्यू किया गया है। जनपद में 981 लोगो को प्रभावित क्षेत्र से एसडीआरएफ तथा जल पुलिस के माध्यम से रेस्क्यू किया गया है। सीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि तहसील खटीमा अन्तर्गत ग्राम हल्दी में 3 व्यक्ति मृतक, सितारगंज अन्तर्गत ग्राम निर्मलनगर में 2 व्यक्ति लापता हुए हैं, उनकी खोज बीन की जा रही है।खटीमा में लगभग 150 व्यक्तियों को रेस्क्यू किया जाना है।मंत्री ने जल भराव तथा बचाव राहत कार्यों को तेजी से किए जाए। मंत्री ने बताया सितारागंज खटीमा और ननानकमत्ता में लगभग 300 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं। 1500 से अधिक लोगों को प्रभावित क्षेत्र से विस्थापित कर के विद्यालयों में रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है। इस दौरान रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट, गौरव पांडेय,उमा जोशी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुर्घटना के आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

दुर्घटना के आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बरेली रोड निकट शिशु भारती स्कूल निवासी मोहन गोपाल सिंह पुत्र चतुर सिंह मनराल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनका पुत्र दीपक मनराल एचडीएफसी बैंक गदरपुर में नौकरी करता था। 6 जुलाई को वह ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर की ओर लौट रहा था। बुखारा मुकरपुरा बिजनौर निवासी अजय कुमार पुत्र जयपाल सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 7 जुलाई को उसे पिताजी जयपाल सिंह माता रश्मि रानी अपनी कार से हल्द्वानी आ रहे थे। रामपुर रोड में तेज गति से आ रही कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी जिससे उसके पिता और माता दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए एसटीएच में भर्ती कराया है। पीड़ित ने वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सड़क पर गिरा पेड़, दो घंटे आवाजाही ठप

**रानीखेत ।** आर्मी सप्लाई डिपो को जोड़ने वाली सड़क पर भारी बारिश के बाद बांज का एक पेड़ गिर गया। इससे दो घंटे तक आवाजाही ठप रही। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही। सूचना के बाद फायर सर्विस के संदीप सिंह, उमेश चंद्र, ईश्वर सिंह, दयाधर ध्यानी, कासिम अली, देवेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर पेड़ हटाकर आवाजाही शुरू कराई।

# पीलीभीत निवासी व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**घटना**

● दो दिन पहले पुत्र से मिलने आया था गांव से, पुलिस ने शव भेजा पोस्टमार्टम को

यहां थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में किराए पर रह रहा पुत्र मिलने आया व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। पुत्र अपने साथियों की मदद से पिता को अस्पताल ले कर पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यूपी के जिला पीलीभीत के गांव डयूली निवासी 42 वर्षीय गेंदन लाल पुत्र दूली राम राजमिस्त्री का काम करता था। उसका पुत्र जय सिंह ट्रांजिट कैंप क्षेत्र शिवनगर में किराए में रहकर सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है। सात जुलाई को गेंदन लाल पुत्र जय सिंह से मिलने के लिए ट्रांजिट कैंप आया था। सोमवार को जय सिंह डयूटी गया हुआ। घर में गेंदन लाल अकेला ही था। देर शाम को वह खाना बना रहे थे। पुलिस के मुताबिक मृतक के पुत्र जय सिंह ने पुलिस को बताया कि वह रात आठ बजे के करीब कमरे में पहुंचा तो पिता को बेहोश देखकर जिला अस्पताल ले गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाने के प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह, एसआइ ललित चौधरी पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शरीर में किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। इधर, घटना के बाद मृतक के परिवार के लोग भी पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बंद मकान को चोरों ने खंगाला सोने के जेवरात समेत अन्य सामान चोरी

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र कैशल्या वाटिका फेस 4 में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड कर कीमती जेवरात समेत अन्य सामान पर चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक कला आर्या पत्नी सुरेश लाल ने पुलिस को बताया कि उसका मकान कैशल्या वाटिका फेस 4 बगवाड़ा में है और वह 29 जून 24 को अपनी बेटी के यहा खटीमा गई थी। वहाँ से वापस आने के बाद वह कैशल्या वाटिका घर पर गई तो घर के दरवाजे के ताले टूटे थे। किचन की खिडकी का ऐंगल भी टूटा था। महिला ने बताया कि घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा और कमरे में रखी अल्मारी खुली हुई। उसमें रखे सोने का जेवर नथ 1 तोला, दो मंगल सूत और हाथ के कंगन गायब थे। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच मौका मुआयना किया और आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं।

# गौला से तीन दिन बाद मिला पानी, आज शाम से होगी पेयजलापूर्ति

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

**दिक्कत**

● शनिवार की शाम से बंद थी फिल्टर हाउस की सप्लाई, आज सुबह छह बजे हुई सुचारु

शहर में लगातार हो रही बारिश थमने के बाद अब हालात सामान्य हो रहे हैं। गौला नदी से तीन दिन बाद जलापूर्ति शुरू हो पाई है। हालांकि शहर में इसकी सप्लाई सामान्य होने में अभी समय लगेगा। लगातार बारिश के बाद गौला नदी का जलस्तर 35 हजार क्यूसेक से अधिक पहुंच गया था। सिंचाई विभाग की ओर से तमाम बार बैराज से पानी छोड़ा गया। इसके चलते गौला से जल संस्थान के फिल्टर प्लांट की आपूर्ति ठप रही। इस बीच जल संस्थान के सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि बीते शनिवार की रात आठ बजे से फिल्टर प्लांट की जलापूर्ति बंद कर दी गई थी, जो आज मंगलवार की सुबह छह बजे सुचारु हो पाई। बारिश के चलते गौला से करीब 58 घंटे जलापूर्ति ठप रही। इसके कारण शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति ठप हो गई, केवल ट्यूबवेलों के सहारे ही उपभोक्ताओं को पानी मिल पाया। लगातार बारिश होने की वजह से जल संकट ज्यादा नहीं हुआ। एई तिवारी ने आपूर्ति होने के बाद फिल्टर प्लांट को रिस्टोर होने में चार घंटे का समय लगेगा। इसके बाद ही पेयजलापूर्ति की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि हालत सामान्य होने से दो दिन का समय लगेगा यदि गौला से नियमित पानी मिलता रहा तो।

